THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND TOURISM (SHRI H. K. L. BHAGAT): (a) and (b) The decline jn foreign tourist arrivals towards the second half of 1984 and the first half of 1985 was mainly due to the adverse media coverage of some of the events in the country.

(c) The Government' has already initiated various measures to attrect more tourists from abroad, including a reassurance campaign to project that conditions in India are safe, a re-orientation of publicity campaign giving emphasis on consumer advertising, stepping up of public relations with tour operators and travel agents abroad, participation in international travel fairs and exhibitions etc.

(d) The steps proposed to ^e taken to provide adequate facilities at the tourist spots in the country include development of facilities like Iow-pricej accommodation, transport system, entertainment shows etc.

Steps are also being taken for improvement of infrastructure and development of resorts to promote holiday tourism in the country.

**राजस्थान के चितौड़गढ़ जिले के चंदेरिया नामक स्थान पर सीसे और जस्ते के कारखाने की स्थापना**

1672. **श्री भंवर लाल पंवार :** क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने केन्द्रीय सरकार के समक्ष राजस्थान के चितौड़गढ़ जिले के चंदेरिया नामक स्थान पर सीसे और जस्ते का कारखाना स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है :

(ख) यदि हां, तो यह कारखाना कब तक लगाये जाने की संभावना है; और

(ग) उपर्युक्त कारखाने के लगाये जाने पर कितनी लागत आने तथा इसके परिणामस्वरूप इसमें कितने लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है ?

**खान विभाग में राज्य मंत्री (श्रीमती राम दुलारी सिन्हा) :** (क) जी, हां

(ख) और (ग) परियोजना पर पूंजी निवेश का निर्णय विचाराधीन है ।

**चुंगी का समाप्त किया जाना**

1673. **श्री भंवर लाल पंवार :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार ने राज्य सरकारों को चुंगी समाप्त करने के बारे में निर्देश दिये हैं; यदि हां, तो उन निर्देशों का किस सीमा तक पालन किया गया है ;

(ख) क्या सरकार चुंगी समाप्त करने के स्थान पर राज्य सरकारों को कोई वित्तीय सहायता देने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है ; और

(ग) क्या राजस्थान सरकार चुंगी समाप्त करने के लिये कोई कदम उठा रही हैं, और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) :** (क) सितंबर, 1980 में हुये मंत्रियों के सम्मेलन में भारत सरकार ने राज्य सरकारों को सूचित किया था कि चुंगी को समाप्त करना राज्यों के हित में है और उसे क्रमिक रूप से किया जाए। यह सुझाव दिया गया है कि पहले कदम के रूप में चुंगी उन स्थानों के लिये समाप्त की जाय जिनकी जनसंख्या दो लाख से कम है। राजस्व में हुई हानि को किसी न किसी रूप में राज्यों द्वारा यदि आवश्यक हो तो बिक्री कर पर उपर्युक्त अधिभार लगाकर और प्राप्तियों को संबंधित नगरपालिकाओं को देकर पूरा किया जा सकता हैं। कुल मिलाकर, इस सुझाव का मुख्य मंत्रियों द्वारा समर्थन किया गया।